बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2012/01 दिनांक- 20.02.2012

डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2012

Diploma Entrance Competitive Examination [Lateral Entry] – 2012

DECE [L E]–2012

बिहार के विभिन्न पॉलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2012 में सम्मिलित होने के लिये 10+2 (व्यावसायिक / तकनीकी शिक्षा) / आई.टी.आई. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) सम्बन्धित विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण अथवा 10+2 (व्यावसायिक / तकनीकी शिक्षा) / आई.टी.आई. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) परीक्षा-2012 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

2. उपरोक्त डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2012 **दिनांक 08.04.2012 को आयोजित की जायेगी ।**
3. अभ्यर्थी आवेदन पत्र क्रय करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र का कोई पृष्ठ खाली / अमुद्रित न हो ।
4. विवरण पुस्तिका सहित आवेदन प्रपत्रों का **विक्रय दिनांक 22.02.2012 से प्रारम्भ होगा** और **दिनांक 15.03.2012 को समाप्त होगा ।** निर्धारित आवेदन प्रपत्र (विवरण पुस्तिका सहित) रु. 1650/- (एक हजार छः सौ पचास) परीक्षा शुल्क तथा रु. 10/- (दस) बैंक चार्ज अर्थात कुल रु. 1660/- (एक हजार छः सौ साठ) की नकद राशि देकर , **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखाओं से** प्राप्त किया जा सकेगा :-
   i. हाजीपुर, ii. सासाराम, iii. आरा, iv. बिहार शरीफ, v. बुद्ध मार्ग, पटना, vi. एग्जिबिशन रोड, पटना, vii. गया मेन, viii. मुजफ्फरपुर, ix. दरभंगा, x. पूर्णियाँ, xi. सीतामढ़ी, xii. भागलपुर, xiii. छपरा, xiv. कटिहार, xv. मुँगेर, xvi. गोपालगंज, xvii. बेगूसराय (xviii) हनुमान नगर कंकडबाग, पटना (xix) राजाबाजार, पटना (xx) बोरिंग रोड, पटना (xxi) कदमकुआँ, पटना ।
5. आयु सीमा - डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2012 में सम्मिलित होने के लिये कोई अधिकतम या न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है ।
6. शैक्षणिक तथा आवासीय अर्हताओं तथा अन्य नियमों/ शर्तों के लिये डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2012 की विवरण पुस्तिका (आवेदन प्रपत्रों के साथ उपलब्ध) को देखें ।
7. सभी पात्रता-प्राप्त आवेदकों के प्रवेश पत्र यथासमय निबंधित डाक द्वारा निर्गत कर दिये जायेगें । साथ ही Admit Card पर्षद के website (i) www.bceceboard.com (ii) Website : www.bcecebonline.com पर भी यथासमय उपलब्ध करा दी जायेगी जिसे अभ्यर्थी download करेंगे । ये download किये गये Admit Card डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)-2012 की परीक्षा के लिए वैध होगा । प्रत्येक आवेदक को जैसे ही उसका प्रवेश पत्र प्राप्त होता है, उसे उस प्रवेश पत्र में अंकित सभी सूचनाओं यथा नाम, रौल नं., आरक्षण की कोटि, परीक्षा केन्द्र का नाम आदि की पूरी जाँच आवश्यक है। यदि जाँच के फलस्वरूप **कोई त्रुटि पायी जाती है तो उसके सुधार हेतु** प्राप्त प्रवेश पत्र और जिस फोटो को मूल आवेदन पत्र / कम्प्यूटर फार्म पर चिपकाया गया हो उसकी दो फोटो प्रतियों के साथ बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 से सम्पर्क कर **दिनांक 02.04.2012 तक आवश्यक सुधार निश्चित रुप से करा लें ।**
8. **समुचित रूप से भरे गये आवेदन-प्रपत्र (अनुलग्नकों सहित) को केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई.बी. बोर्ड, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 के पते पर भेजा जाना है । परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.03.2012 (5.00 बजे अपराह्न तक) है । किसी अन्य विधि से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे । साथ ही, किसी भी परिस्थिति में भरे हुए आवेदन-प्रपत्र बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद कार्यालय में हाथों-हाथ स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।**
9. DECE[LE]-2012 की विवरण पुस्तिका में भरे हुये आवेदन पत्र की पर्षद कार्यालय में पहुचने की अंतिम तिथि दिनांक 15.03.2012 मुद्रित है जिसे 21.03.2012 के रूप में संशोधित समझा जाय ।
10. **भरे हुए आवेदन-प्रपत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि किसी भी परिस्थिति में बढ़ायी नहीं जायेगी ।**
11. उपर्युक्त सूचना पर्षद के वेबसाईट **: (i) www.bceceboard.com (ii) Website : www.bcecebonline.com** पर भी उपलब्ध है ।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद